राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकःप.14(66)(1)RSSB/अर्थना/मा.शि.वि./पीटीआई ग्रेड–ााा/पा.जां/2018/3485 दिनांक : 23/10/2020

–:: कार्यालय आदेश ::–

पीटीआई ग्रेड–ााा सीधी भर्ती परीक्षा–2018 के के अनुपस्थित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच व दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम

बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या 09/2018 दिनांक 04.05.2018 से शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–।।। के कुल 4500 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 3930 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 570) पदों पर एवं संशोधित अर्थना दिनांक 16.07.2019 से 155 एम.बी.सी (अति पिछड़ा वर्ग) के अतिरिक्त पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन आंमत्रित किये गये थे। बोर्ड द्वारा श्रेणीवार वरीयता कम से गैर–अनुसूचित क्षेत्र के 3972 तथा अनुसूचित क्षेत्र के 523 अभ्यर्थियों का शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–।।। के पद पर अंतिम रूप से चयन किया जाकर पदस्थापन की अभिशंषा शिक्षा विभाग को भिजवायी जा चुकी है।

उक्त भर्ती परीक्षा में दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच हेतु पूर्व में सूचीबद्ध किये गये अभ्यर्थियों में से अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों/परिवेदनाओं में अंकित युक्तियुक्त कारणों के मध्यनजर बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया है कि इस भर्ती परीक्षा में अन्य अभ्यर्थियों के चयन को अप्रभावित रखते हुए संबंधित श्रेणी में पद रिक्त रहने की स्थिति में ऐसे अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच कराया जा सकता है। अतः इस प्रयोजनार्थ निम्नानुसार सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नानुसार अपने रोल नम्बर के सामने अंकित दिनांक व स्थान पर प्रातः 10.30 बजे से सायं 05.00 बजे तक पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु **विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में), मूल दस्तावेजों एवं संबंधित श्रेणी के आवेदन शुल्क की 3 गुणा राशि का भारतीय पोस्टल ऑर्डर सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से** के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच हेतु पुनः अवसर दिया जाना संभव नहीं होगा एवं उनके स्थान पर वरियता से अन्य पात्र अभ्यर्थियों का चयन कर लिया जायेगाः–

स्थान	रोल नम्बर	दिनांक
राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर	503131 507558 510790 511494 511818 515034 523244***	03.11.2020

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

1. शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–ााा सीधी भर्ती परीक्षा–2018 हेतु जारी विज्ञप्ति संख्या 09/2018 दिनांक 04.05.2018 के बिंदु संख्या 21 में अंकित टिप्पणी–ााा के क्रम मेंः–
   - क. **क्रीड़ा प्रमाण–पत्रों पर तब ही विचार किया जायेगा यदि वे राजस्थान क्रीड़ा परिषद के सचिव या संस्थान के प्राधान द्वारा इस उल्लेख के साथ सत्यापित किये गये हो कि भाग लेने वाला संस्था का नियमित छात्र है।**
   - ख. **अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेन्ट में भारतीय विद्यालय खेल परिसंघ, विश्वविद्यालय क्रीड़ा संघ या भारतीय क्रीड़ा परिसंघ के माध्यम से भाग लेने या अर्जित स्थान के क्रीड़ा प्रमाण–पत्र पर तब ही विचार किया जायेगा जब वह संबंधित परिसंघ/संघ द्वारा सत्यापित हों।**
2. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट http://www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–ााा सीधी भर्ती परीक्षा– 2018 के लिये दिनांक

04.05.2018 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट http://www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

3. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100/रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।
4. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग), विशेष श्रेणी(भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), खेल प्रमाण पत्र, चरित्र, वैवाहिक स्थिति(विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक** रूप से साथ लावें।
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव